आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 27.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- संसद और राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र कल से–सत्र सुचारू चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत को अवसरों का भंडार बताया–कहा–देश वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों के शीर्ष पांच निर्यातकों में से एक।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा–यूजीसी नियम का मुख्य उद्देश्य देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाना।
- प्रदेश के कई ज़िलों में कल रात से शुरू हुए अंधड़ और बारिश से ठंड का असर बढ़ा।

000

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल मुरुगन इस अवसर पर उपस्थित थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश, द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम के नेता तिरुचि शिव, तृणमूल कांग्रेस की नेता सागरिका घोष, समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव सहित अन्य लोग भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के पहले भाग में राष्ट्रपति का अभिभाषण, इस पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा, बाद में दोनों सदनों में बजट पर चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने सभी दलों से सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

000

राज्य विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी। इससे पहले आज जयपुर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया को बताया कि कल से शुरू हो रहे बजट सत्र के दौरान विधायी कार्यों और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी दलों से सहयोग का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और यह बजट भी हर बार की तरह यादगार होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत अवसरों का भंडार है और यह वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों के शीर्ष पांच निर्यातकों में से एक है। प्रधानमंत्री ने आज गोवा में शुरू हुए भारत ऊर्जा सप्ताह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा सप्ताह के जरिये भारत ऊर्जा क्षेत्र में संवाद और कार्रवाई के लिए एक वैश्विक मंच के तौर पर तेजी से उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा एनर्जी सेक्टर इको सिस्टम डेवलेप कर रहा है जो भारत के लोकल डिमांड को पूरा कर सके।

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का कल एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आने का कार्यक्रम है। वे पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। श्री चौहान देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन भी करेंगे।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि यूजीसी नियम पर सरकार सभी पक्षों की बात सुन रही है। श्री प्रधान ने स्पष्ट किया कि इन नियमों का मुख्य उद्देश्य देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाना है। केन्द्रीय मंत्री आज डीडवाना–कुचामन जिले के छोटी खाटू में निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार शैक्षणिक सुधारों

की दिशा में मिले सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर रही है और किसी भी संस्थान के हितों को नुकसान पहुँचाने की सरकार की कोई मंशा नहीं है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्रदेश के हर जरूरतमंद स्ट्रीट वेंडर तक पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। वे आज जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैंकों को लंबित आवेदनों का जल्द और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए समय पर पूंजीगत ऋण मिल सके। मुख्य सचिव ने योजना को शहरों के साथ–साथ कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

000

राज्य सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक को 14 फरवरी तक बढ़ा दिया है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अपरिहार्य स्थिति में स्थानांतरण के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्वानुमति अनिवार्य होगी।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज हनुमानगढ़ जंक्शन से द्वारका–नागेश्वर–सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि पूरी तरह वातानुकूलित इस ट्रेन से हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर और जोधपुर के 970 वरिष्ठ नागरिक यात्रा कर रहे हैं। यात्रियों के लिए भोजन, आवास और चिकित्सा की मुफ्त व्यवस्था देवस्थान विभाग द्वारा आई.आर.सी.टी.सी. के माध्यम से की गई है। यह ट्रेन तीर्थाटन के बाद एक फरवरी को वापस लौटेगी।

000

प्रदेश के कई जिलों में कल रात से शुरू हुए अंधड़ और बारिश के दौर के चलते ठंड का असर बढ गया है। बारिश के साथ–साथ कई जिलों में ओले गिरने और ठंडी हवाएं चलने के भी समाचार हैं। जयपुर में सुबह बारिश हुई और दिनभर बादल छाये रहे।

डीग में कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी। भीलवाड़ा के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाएं चलने से ठिठुरन बढ गयी। भरतपुर में बरसात के साथ बिजली कड़कने से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

भीलवाड़ा के जहाज़पुर में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं धौलपुर में दिनभर तेज पानी बरसा। सवाई माधोपुर सहित कई अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा होने, कहीं कहीं बिजली कड़कने के समाचार हैं। मौसम में आये बदलाव से दिन के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गयी है। ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग ने आज भरतपुर, बारां, कोटा, करौली तथा सवाईमाधोपुर जिलों के लिए ओले और बिजली गिरने के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ कई अन्य जिलों के लिए बादल गरजने और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले दो दिन और रहेगा।

...............

000